(ख) यह पत्रिका कब तक प्रकाशित की जाएगी ?

**शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली):** (क) और (ख) : औपचारिक कार्यवाई लगभग पूरी हो चुकी है और पहला अंक छः महीने के भीतर प्रकाशित होने की संभावना है ।

**सरकार के श्वेत पत्र**

१४६६. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न मंत्रालयों ने गत पांच वर्षों में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कितने श्वेत-पत्र प्रकाशित किये हैं ;

(ख) इन श्वेत पत्रों में से कितनों के हिन्दी संस्करण भी प्रकाशित हुए हैं; और

(ग) क्या ऐसी कोई व्यवस्था की गई है है अथवा की जा रही है कि भविष्य में सभी श्वेतपत्रों के हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण साथ-साथ प्रकाशित हों ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दातार)** : (क) और (ख) . सूचना इकट्ठी की जा रही है और लोक सभा के पटल पर रख दी जायेगी ।

(ग) संसद् को भेजे जाने वाले प्रतिवेदनों के लिए अंग्रेजी के अतिरिक्त हिन्दी का प्रयोग भी अधिकृत किया जा चुका है । विभिन्न प्रारम्भिक कार्यों को हाथ में लिया जा चुका है । यह आशा की जाती है कि उन के कार्यान्वित होने पर श्वेत पत्रों का अंग्रेजी के साथ साथ हिन्दी में भी प्रकाशन हो सकेगा ।

**हिन्दी में निमंत्रण-पत्र**

१४६७. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा १९६० में कितने सार्वजनिक समारोहों का आयोजन किया गया और उन में से कितनों के निमंत्रण-पत्र अंग्रेजी के साथ हिन्दी में भी भेजे गये ; और

(ख) क्या भविष्य में होने वाले ऐसे समारोहों के लिए ऐसी कोई व्यवस्था की गई है कि उन के निमंत्रण-पत्र तथा कार्यक्रम अंग्रेजी के साथ साथ हिन्दी में भी भेजे जायें ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दातार)** : (क) सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ख) हां, । सभी मंत्रालयों से यह अनुरोध किया गया है कि सामान्यतः सभी सरकारी समारोहों के लिए निमंत्रण पत्र कार्यक्रम इत्यादि अंग्रेजी के साथ साथ हिन्दी में भेजे जाएं ।

**Assistant Superintendents**

**1468. Shri C. L. Gupta**: Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that most of the U.P.S.C. qualified Assistant Superintendents in the Central Secretariat Service who had not completed two years service as such on 1st May, 1958 were selected as Superintendents from that date;

(b) whether it is also a fact that during the subsequent review none of the U.P.S.C. qualified Assistant Superintendents who had not completed two years service as such on 1st May, 1959 was selected for the higher grade from 1st May, 1959; and

(c) if so, the reasons therefor?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Datar): (a) to (c).** Out of 137 officers promoted as Superintendents with effect from 1st May 1958, 129 were Assistant Superintendents who qualified at the U.P.S.C. Departmental Competitive Examination and out of these, 69 had put in less than two years' service in the grade of Assistant Superintendent. Out of 150 officers promoted as Superintendents with effect from 1st May 1959, 88 were Assistant Superintendents who had qualified at the U.P.S.C.

Departmental Competitive Examination. Of these, all had put in more than two years' service in the grade of Assistant Superintendent. The promotions on both these occasions were made entirely on the basis of merit on the recommendation of the U.P.S.C. and no minimum length of service in the grade of Assistant Superintendent was prescribed when these selections were made.

### Suicides at Qutab Minar

**1469. Shri Inder J. Malhotra:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state the number of suicide cases reported by jumping from the Qutab Minar, Delhi since November, 1960?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Datar):** One person committed suicide by jumping from Qutab Minar in November 1960. There has been no such case of suicide in subsequent months.

### Divorce Cases in Delhi Courts

**1470. Shri Inder J. Malhotra:** Will the Minister of **Law** be pleased to state:

(a) the total number of divorce cases, pending and decided during the year 1960 in the Delhi courts;

(b) how many of these complaints were filed by the husbands and wives, separately;

(c) to what class of society, majority of these couples belonged;

(d) whether the divorce cases have shown an increase during the last three years; and

(e) the number of children affected in these divorce cases?

**The Deputy Minister of Law (Shri R. M. Hajarnavis):** (a) to (e) The required information is not available. It is being collected from the Delhi Administration, and will be laid on the Table of the House as soon as practicable.

### नेशनल बोटैनिकल गार्डन, लखनऊ

१४७१. { श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :
श्री राम सेवक यादव :

क्या वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार ने जब से लखनऊ का नेशनल बॉटैनिकल गार्डन अपने हाथ में लिया है उस समय से अब तक प्रतिवर्ष कितना कितना व्यय उस के रख-रखाव पर हुआ है और उसका वार्षिक व्यय कितना है;

(ख) लखनऊ के नजदीक बन्थरा में जो ऊपर भूमि सुधार का फार्म है क्या वह भी नेशनल बोटैनिकल गार्डन के अन्तर्गत है ;

(ग) यदि हां तो उस में अभी तक कुल कितना रुपया और किस-किस मद में खर्च किया गया है और उस के सुधार की आगे क्या योजना है; और

(घ) जब से श्री कौल नेशनल बोटैनिकल गार्डन के प्रभारी बने हैं उस समय से अब तक इस योजना को आगे बढ़ाने और उसके काम को सीखने के लिय वे कितनी बार विदेश गये हैं ।

**वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक मंत्री (श्री हुमायून् कबीर) :** (क)

| वर्ष | खर्च (लाख रुपयों में) |
|---|---|
| 1953-54 | 3.125 |
| 1954-55 | 4.710 |
| 1955-56 | 6.720 |
| 1956-57 | 10.950 |
| 1957-58 | 11.800 |
| 1958-59 | 14.000 |
| 1959-60 | 16.850 |
| 1960-61 | 15.510 |
| जोड़ | 83.665 लाख |

(ख) जी, हां ।

(ग) बन्थरा फार्म के खर्च का अलग से हिसाब नहीं रखा जाता । यह फार्म पूरी तरह से विकसित है । उसके और सुधार की कोई स्कीम नहीं है ।

(घ) वे चार बार विदेश गये हैं लेकिन बन्थरा फार्म के काम के बारे में नहीं ।